रिपोर्ट : SWAYAM कोर्सेज पंजीकरण एवं नामांकन संबंधित ट्रेनिंग/जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 01-08-2026 को महाविद्यालय में उच्च शिक्षा में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए स्वयं (SWAYAM) पोर्टल पर लखनऊ विश्वविद्यालय के विषम-सेमेस्टर से संबंधित विभिन्न विषयो के स्नातक एवं परास्नातक कोर्सेज में रजिस्ट्रेशन एवं एनरोलमेंट के लिए एक प्रक्षिक्षण /जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों को मुफ्त ऑनलाइन कोर्सेस, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और प्रमाणपत्र प्राप्त करने की जानकारी देने हेतु किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की यशस्वी प्राचार्य प्रो० सुमन गुप्ता के सफल निर्देशन में महाविद्यालय कि SWAYAM/MOOC कोर्सेज से संबंधित समिति द्वारा किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्वयं पोर्टल के वीडियो व्याख्यान, डाउनलोडेबल सामग्री, क्विज़ और ऑनलाइन चर्चा सुविधाओं से अवगत कराया जाता है। वनस्पति विज्ञान विभाग की प्राध्यापक एवं कॉलेज की SWAYAM नोडल डॉ० स्मृति मिश्रा द्वारा स्टेप-बाय-स्टेप रजिस्ट्रेशन और एनरोलमेंट का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के लगभग 50 छात्र-छात्रा एवं महाविद्यालय के सभी वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। यह जागरूकता कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय के सिद्धांतों–पहुंच, समानता और गुणवत्ता–पर आधारित था, जो 11,000 से अधिक मुफ्त कोर्सेस प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य SWAYAM कोर्सेज में छात्र-छात्राओं का नामांकन बढ़ाना था जिससे छात्र-छात्राए स्वयं पोर्टल का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे एवं अपनी रोजगार क्षमता भी बढ़ाएं। डॉ० स्मृति मिश्रा द्वारा कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के द्वारा किया गया।